## बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
## आदेश

संचिका सं0–12/वि0–140/2026– 1062 पटना, दिनांक– 30/6/2026

**विषयः फर्म Shri Dharmpal, Krishna Kumar Singh, Muzaffarpur, Email-dharmpalmuz1@gmail.com (सूचीबद्धता संख्या–010120250002) लोक स्वा0 प्रमंडल समस्तीपुर अंतर्गत हर घर नल का जल' निश्चय योजना के तहत जलापूर्ति योजनाओं में विद्युत विपत्र की लंबित राशि जमा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में फर्म को काली सूची में दर्ज करने के संबंध में।**

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अंतर्गत फर्म Shri Dharmpal, Krishna Kumar Singh, (सूचीबद्धता संख्या–010120250002) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर क्षेत्राधीन एकरारनामा सं0–SBD-277/2019-20 के तहत 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के तहत जलापूर्ति योजनाओं का कार्य आवंटित किया गया था।

फर्म के द्वारा एकरारनामा के तहत प्रखंड समस्तीपुर, पंचायत–कर्पूरीग्राम, वार्ड संख्या–01, 02, 3P, 04, 05, 6P, 07 एवं 8P अंतर्गत जलापूर्ति योजनाओं में संवेदक के द्वारा लंबित विद्युत विपत्र की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–4267, दि0–22.08.2025, पत्रांक–5486, दि0–14.12.2025 एवं पत्रांक–6228 दिनांक–23.12.2025 के माध्यम से फर्म को उक्त हेतु निदेशित एवं स्मारित किया गया। परन्तु उक्त निदेशों एवं स्मारों के बाद भी फर्म के द्वारा उक्त कार्य में अभिरूचि नहीं ली गई।

उक्त स्थिति में कार्यपालक अभियंता के कार्यालय पत्रांक–1461, दिनांक–19.03.2026 एवं अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पत्रांक–495, दिनांक–30.03.2026 से प्रेषित प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–417, दिनांक–17.04.2026 के माध्यम से बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के संगत प्रावधानों के तहत फर्म के निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–630, दि0–30.04.2026 एवं पत्रांक–913 दिनांक–10.06.2026 के माध्यम से फर्म को सुसंगत साक्ष्यों के साथ आरोपों के संबंध में अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। परंतु फर्म उक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहे। फर्म के द्वारा विभाग को स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया।

तदोपरांत, क्षेत्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन मे उल्लेखित तथ्यों की सम्यक् समीक्षा की गई जिससे यह परिलक्षित हुआ कि फर्म द्वारा विभागीय निर्देशों की निरंतर अवहेलना की गई है। लंबित विद्युत विपत्र की राशि जमा करने हेतु बार बार निर्देश एवं स्मार पत्र निर्गत किए जाने के बावजूद भी फर्म द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई तथा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए पर्याप्त अवसरों के उपरांत भी कोई स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। फर्म का उक्त आचरण एकरारनामा शर्तों के उल्लंघन, विभागीय कार्यो के प्रति उदासीनता एवं असहयोगात्मक रवैये का द्योतक है, जिसके कारण ''हर घर नल का जल'' योजना के कार्यान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तथा सरकारी हित प्रभावित हुआ है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका–11 क (II) ''एकरारनामा में

15

विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक" हेतु Shri Dharmpal, Krishna Kumar Singh, (सूचीबद्धता संख्या–010120250002) को 02 (दो) वर्षों के लिए काली सूची में दर्ज किया जाता है।

बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 (घ) के आलोक में एजेन्सी इस आदेश के विरूद्ध आदेश निर्गत की तिथि से 30 (तीस) दिनों के अन्दर प्रधान सचिव महोदय के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकती है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Email

ज्ञापांक–12/वि0–140/2026–1062 पटना, दिनांक– 30/06/2026

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–140/2026–1062 पटना, दिनांक– 30/06/2026

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/वि0–140/2026–1062 पटना, दिनांक– 30/06/2026

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर/संवेदक Shri Dharmpal, Krishna Kumar Singh, Muzaffarpur, Email-dharmpalmuz1@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–140/2026–1062 पटना, दिनांक– 30/06/2026

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Black List Office Order